उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 01.10.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा राष्ट्रीय सेवा पखवाड़ा के तहत जिला चिकित्सालय महोबा में आयोजित वृहद रक्तदान शिविर का किया गया उद्घाटन, रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को किया गया प्रोत्साहित।

**स्वैच्छिक रक्तदान एक मानव का दूसरे मानव को अनमोल तोहफा- श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा।**

आयुष्मान भवः अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा पखवाड़ा (दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक) आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक 01.10.2023 को श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा जिला चिकित्सालय महोबा में वृहद रक्तदान शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन श्री जितेन्द्र सिंह सेंगर, मा0 विधान परिषद सदस्य (महोबा, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट), चिकित्सकगण एवं अन्य गणमान्य/समाजसेवी नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया, जिसमें रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को प्रोस्ताहित करते हुए उनके इस पुनीत कार्य की प्रशंसा की गयी।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने जिला चिकत्सालय महोबा पहुंचकर वृहद रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए सभी रक्तदाताओं को उनके कार्य के लिए शुभकामनाएं तथा बधाई दी, पुलिस अधीक्षक ने अपने संदेश में कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान एक मानव का दूसरे मानव को अनमोल तोहफा है, भारतीय संस्कृति और समाज में प्रचलित दान शब्द में अपने आप ही इतना कुछ समाहित है, रक्तदान के द्वारा रक्त से प्राप्त विभिन्न आयामों से रोगियों के होने वाले लाभ एवं उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए पुलिस अधीक्षक महोबा ने सभी से रक्तदान कर इस अभियान में अपना सहयोग प्रदान किए जाने की अपील की।

कार्यक्रम में श्री रामप्रवेश राय-क्षेत्राधिकारी नगर, जिला चिकित्सालय के सम्मानित चिकित्सकगण, जनपद के सम्मानित गणमान्य व्यक्ति, समाजिक कार्यकर्ता व काफी संख्या रक्तदान करने वाले रक्तवीर उपस्थित रहे।










## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद महोबा पुलिस द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के अन्तर्गत किया गया श्रमदानः-

### "स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत" लिया संकल्प...।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आज दिनांक 01.10.2023 को जनपदीय पुलिस द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़े के अन्तर्गत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सम्बन्धित कार्यालय/शाखा, थाना/चौकी परिसर में बढ़-चढ़कर श्रमदान किया गया तथा समस्त पुलिस कर्मियों को स्वच्छता एवं श्रमदान हेतु जागरूक किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं समस्त चौकी/शाखा प्रभारियों द्वारा अधीनस्थों के साथ सामूहिक रुप से श्रमदान में सहभागिता की गई एवं स्वच्छता अभियान के तहत 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत' का संकल्प लिया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 01.10.2023**

# महोबा पुलिस


**मीडिया सेल, महोबा**

## जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति-वस्तु व वाहनों की, की गयी सघन चेकिंग, पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक 01.10.2023 को जनपद में चाक-चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायंकालीन पैदल गश्त की जा रही है ।

पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश व आमजन को आश्वस्त कराया गया कि जनपद महोबा पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन में वाहनों के ई-चालान किये गये।





महोबा पुलिस